

## धाराजी हादसे में दिवंगत हुए श्रद्धालुओं की आत्म शांति यज्ञ के बाद रखा कन्या भोज

- 21 वर्ष पूर्व13 अप्रैल
- 2005 में हुआ था हादसा

**बागली।** 21 वर्ष पूर्व13 अप्रैल 2005 में देवास जिले के बागली विकासखंड अंतर्गत धारा जी स्नान घाट पर पुनासा बांध से बगैर सूचना के पानी छोड़े जाने की वजह से भूतड़ी अमावस्या पर स्नान करने आए सैकड़ो श्रद्धालु बह गए थे ।इस घटना में आधिकारिक तौर पर 76 श्रद्धालुओं की मौत बताई गई लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार यह संख्या और भी अधिक रही।

इस घटना के 21 वर्ष पूर्ण होने के बाद 17 अप्रैल 2026 को दिवंगत आत्माओं की आत्म शांति के लिए सनातन सेवा समिति द्वारा मां नर्मदा आरती के साथ 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रत्यक्षदर्शी गिरधर गुप्ता ने बताया कि वह दृश्य कभी भुलाया नहीं जा सकता अमावस्या की रात्रि में चीख पुकार के साथ श्रद्धालु निंद्रा अवस्था में ही बहने लगे अमावस्या का अंधेरा होने के कारण अधिकतर श्रद्धालु घाट की तरफ नहीं चढ़ पाए और उल्टे पानी की तरह निकल गए तीन दिन तक चली शव खोजी गोता खोरी खोज के बाद 50 से अधिक श्रद्धालुओं के शव निकाले गए यह सिलसिला 8 दिन तक चलता रहा आखरी में 76 श्रद्धालुओं का आंकड़ा दर्ज किया गया इस वर्ष अप्रैल माह में आनेवाली 17 अप्रैल शुक्रवार को अमावस्या पर्व पर देवास जिले सहित अन्य जिलों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नानघाट धारा जी में बड़ी संख्या में स्नान किया इस दौरान जटाशंकर सेवा समिति की ओर से पोहे जलेबी का नाश्ता दिया गया और पातालपुरी बाबा की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारे का आयोजन किया गया।

एक दिन पूर्व आए श्रद्धालु मनकामेश्वरी मंदिर पिपरी में विश्राम के लिए रुके अमावस्या पर्व पर मनकामेश्वरी मंदिर पर कन्या भोज आयोजन रखा गया धारा जी स्नान करने आए श्रद्धालुओं ने बताया कि इंदौर देवास उज्जैन रतलाम आदि क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं के वहां रास्ते में मार्ग संकरा होने के कारण परेशान होते हुए दिखाई दिए कई बार जाम जैसी स्थिति बनी इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने सीता माता मंदिर परिसर में भी विश्राम करते हुए दर्शन लाभ लिया कुछ श्रद्धालु निमन पुर के निकट प्राचीन स्थल ख्वाजा बावड़ी पर भी रुके प्रति स्नान अमावस्या पर पातालपुरी बाबा और जटाशंकर सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की जाती हे। इसी बीच नर्मदा परिक्रमा वासियों ने भी स्नान पर्व पर पहुंच कर स्नान किया तथा रात्रि विश्राम नर्मदा मंदिर पिपरी में किया और भोजन प्रसादी भी वहीं पर ग्रहण की।

## समझाने गया तो सीने में मारी गोली, 6 आरोपियों पर केस दर्ज

- 19 वर्षीय युवक की हत्या, मुख्य आरोपी भी घायल, पहले से था विवाद

**देवास ।** भवानी सागर क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते एक 19 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान आरोपियों ने एक कार में भी तोड़फोड़ की। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति भी जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने मामले में छह नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



### दोस्त का फोन आने पर गया था समझाने

जानकारी के अनुसार, लड्डू उर्फ शुभम पिता महेश नाथ गुरुवार रात घर पर भोजन कर रहा था। इसी दौरान उसके दोस्त गौतम (23) का फोन आया, जिसमें उसने बताया कि कुछ लोग उसे रोककर विवाद कर रहे हैं। इसके बाद लड्डू रात 1 बजे मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा, लेकिन इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते विवाद बढ़ गया।

विवाद के दौरान दो आरोपियों ने पिस्टल से फायरिंग कर दी। गोली लड्डू के सीने में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गौतम के पैर में गोली लगी। आरोपियों ने इसके बाद हथियारों से मारपीट भी की। परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने लड्डू को मृत घोषित कर दिया, जबकि गौतम को इंदौर रेफर किया गया।

### पहले से दोनों पक्षों में विवाद

नाहर दरवाजा थाना प्रभारी अमित सोलंकी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चला आ रहा था। लड्डू टेकरी क्षेत्र में नारियल-प्रसाद और फोटो की दुकान चलाता था। परिजनों का आरोप है कि आरोपी उससे वसूली की मांग करते थे और पहले भी उसकी बाइक जला चुके थे। वहीं, पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मृतक और घायल पर भी आरोपियों के खिलाफ पहले मामले दर्ज रहे हैं।

### मुख्य आरोपी भी अस्पताल में

थाना नाहर दरवाजा प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि मुख्य आरोपी वरुण बाली समेत रितिक सिहोते, तुषार सिहोते, मट्टू सिहोते, राहुल शूटर, विपिन बाली सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें इंदौर सहित अन्य स्थानों पर रवाना की गई हैं। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी वरुण शुक्रवार सुबह घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हुआ है।

### परिजनों का आरोप मिल रही धमकियां

मृतक के भाई पीयूष ने आरोप लगाया कि घटना के बाद कुछ लोग अस्पताल पहुंचे और धमकी दी कि एक को मार दिया, दूसरे को भी देख लेंगे। परिजनों ने सुरक्षा की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

## हेलमेट लगाकर की तीन दुकानों में चोरी

**देवास।** कृषि उपज मंडी क्षेत्र के पास शुक्रवार सुबह दो बाइक सवार चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया। वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया और व्यापारियों में दहशत फैल गई। चोरों ने सबसे पहले मंडी के पास स्थित सजावटी सामान की दुकान में सेंध लगाई।

सीसीटीवी फुटेज में एक चोर हेलमेट और ग्लव्स पहनकर दुकान में घुसता नजर आया। उसने केबिन से करीब 11,500 रुपए नकद चुरा लिए। दुकान मालिक मुर्तजा अली के अनुसार यह रकम बैंक में जमा करने के लिए रखी गई थी। इसके बाद चोर पास ही स्थित एक बाइक शोरूम में पहुंचे। यहां शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और पूरे शोरूम की तलाशी ली। चोरों ने 70 किलो वजनी तिजोरी को निशाना बनाया, जिसमें नकदी और मोबाइल रखे थे। घटना के बाद दोनों पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### घसीटकर बाहर निकाली तिजोरी

तिजोरी भारी होने के कारण चोर उसे उठा नहीं पाए, इसलिए उसे घसीटते हुए शोरूम के बाहर लाए। इसके बाद दूसरे साथी की मदद से तिजोरी को ठेले पर रखा और फरार हो गए, जबकि दूसरा आरोपी बाइक से मौके से निकल गया। शोरूम संचालक राजेंद्र मोहरी ने बताया कि घटना सुबह करीब 5=12 बजे की है। तिजोरी में करीब 45 हजार रुपए नकद और तीन महंगे मोबाइल फोन रखे थे, जिन्हें चोर अपने साथ ले गए।

## पांचाल के निधन पर श्रद्धांजलि दी

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला देवास की पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पा पांचाल नेमावर के दुखद निधन पर भाजपा नेताओं ने एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में क्षेत्रीय विधायक खातेगांव कन्नौद पंडित आशीष शर्मा कन्नौद जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रेवाराम सारण मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू भाजपा महिला जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष टीकी बरेला जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री खुशी लाल राठौड भाजपा मंडल महामंत्री खातेगांव अशोक



यादव हीरालाल गहलोत घनश्याम पटेल शोभा जोशी पूजा मोरी अशोक कुमावत हरिओम परमार सरपंच रामदयाल बरेला लोकेश पावार खेरी सुरेश वर्मा नरेंद्र कासल चिंटू जोशी कलवार नाना गुर्जर अरुण बडोनिया संतोष जाट मंगलेश बैरागी अनोखी लाल चौहान राजेश जोशी राजेश चौहान राजेश बेनीवाल सुधीर सोमनी आदि भाजपा नेता और कार्यकर्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित की है

### एक नजर में

## बीएड छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**देवास।** भोपाल चौराहा स्थित शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय देवास के सत्र 2024 -26 के बी.एड. के छात्रों का पचमढ़ी का शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार तोमर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण प्रभारी अभिजीत सिंह बैस ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2024-26 के बी.एड. के छात्रों का इस बार शैक्षणिक भ्रमण पचमढ़ी में आयोजित किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत सभी छात्रों को पचमढ़ी के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। डाइट शैक्षणिक भ्रमण के अवसर पर डाइट प्राचार्य एवं डाइट स्टाफ सदस्य गणों में संजय भट्ट , गोविंद सिंह ठाकुर और ममता मैडम आदि सभी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त हुआ। इसके उपरांत भ्रमणकारी छात्रों ने पचमढ़ी के विभिन्न प्रसिद्ध स्थलों पांडव गुफा, हांडी खोह, गुप्त महादेव, महादेव, ग्रीन वैली, प्रियदर्शनी, जटाशंकर महादेव का भी भ्रमण किया और फिर चंपक लेक में वोटिंग का आनंद लिया तथा अंत में राजेंद्र गिरी में सूर्यास्त को देखा। पचमढ़ी शैक्षणिक भ्रमण के लिए छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया। भ्रमण में शिक्षा महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों में दीपक पाटीदार, ललिता वावगे, इंदु बारेला तथा छात्राध्यापकों में रविंद्र पाल सिंह तंवर, आशीष सोलंकी, संतोष वर्मा, प्रज्ञा वैष्णव, छाया वैष्णव आदि का भी विशेष सहयोग रहा।

## संजू मेडा आर्ट ने 87 .4 प्रतिशत हासिल किए

**बागली।** कक्षा 12 वी एवं कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम आए इस वर्ष कक्षा 12वीं में सांदीपनी स्कूल बागली में 106 छात्र-



छात्राओं में से 70 छात्र छात्राओं ने बाजी मारते हुए स्कूल का नाम रोशन किया 75त्न से अधिक अंक लाने वाले 11 छात्र-छात्राओं को शासन की योजना अनुसार लैपटॉप दिया जाएगा तथा सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र तथा छात्रा को स्कूटी भी प्रदान की जाएगी छात्राओं में सांदीपनी स्कूल के ड्राइवर राजु मेड़ा की सुपुत्री संजू मेडा आर्ट ने विषय में 87.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूटी तथा लैपटॉप का लाभ अर्जित करने की पात्रता ले ली है। इसी श्रृंखला में आदिवासी अंचल क्षेत्र से जुड़े सावन भुरिया ने भी 84.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूटी एवं लैपटॉप की पात्रता हासिल कर ली है। शेष अन्य 9 छात्राओं ने जिनमें शामिल कु. हंसा कु. रुखमा कु. माही कुछ.रिया कु सपना कु. कोमल कु.शशी कु. अंजलि कु. पूनम मैं भी 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर लैपटॉप की पात्रता हासिल की ।

## राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 23 अप्रैल तक

**खातेगांव।** श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक खातेगांव के तिवडीया मैं आयोजित होने जा रहा है 17 अप्रैल को ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई यात्रा बजरंग मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्ग होते हुए यज्ञ शाला स्थल पर पहुंची यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया मुस्लिम कमेटी सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा योगाचार्य आयोजन समिति का साफा बांधकर सम्मान किया और भगवान राधा कृष्ण को पुष्प भेंट कर आशीर्वाद लिया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला बच्चे ग्राम के सभी समाज के समाज जन महिला पुरुष उपस्थित रहे। तत्पश्चात महायज्ञ पंच कुंडी यज्ञ का प्रारंभ हुआ।

## कांटाफोड़-लोहारदा का संयुक्त प्रशिक्षण बना मॉडल

**कांटाफोड़।** नगर परिषद कांटाफोड़ एवं नगर परिषद लोहारदा के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 17 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन कॉंटाफोड़ परिषद मे हुआ। प्रशिक्षण में सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए कार्य की बारीकियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षक अखिलेश जोशी एवं आशीष कुंडल ने तकनीकी और व्यवहारिक पक्षों पर मार्गदर्शन दिया। सरल एवं प्रभावशाली शैली के कारण प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी और परिणामदायी बताया।कार्यक्रम की सफलता में नगर परिषद कांटाफोड़ के सीएमओ मुकेश चौबे एवं नगर परिषद लोहारदा के सीएमओ सतीष घावरी की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। प्रतिभागियों के लिए भोजन, चाय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था की गई, जिससे प्रशिक्षण निरंतरता और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

अंतिम दिवस पर रोल प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया, जिससे उनकी समझ और कार्यकुशलता का आकलन किया गया। इस पहल ने प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बना दिया। नगर परिषदों की इस संयुक्त पहल को प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे भविष्य में नगर विकास कार्यों में गति, पारदर्शिता और जवाबदेही होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बागली में कंटूर ट्रेंच से रोकी घुसपैठ

- अतिक्रमण पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**देवास।** वनमंडल देवास के डी एफ ओ अमित सिंह चौहान के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र बागली में वन और पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने गुरुवार को कक्ष क्रमांक 829 में कार्रवाई करते हुए वर्षों से हो रहे अतिक्रमण के प्रयासों को विफल कर दिया। विभाग द्वारा कंटूर ट्रेंच खुदवाकर जमीन पर कब्जा जमाने की कोशिशों पर रोक लगाई गई।

बताया गया है कि उक्त वन भूमि पर वर्ष 2012 से लगातार अतिक्रमण के प्रयास किए जा रहे थे, जिन्हें वन विभाग के स्टाफ द्वारा समय-समय पर कार्रवाई



कर रोका जाता रहा है। गुरुवार को की गई कार्यवाही में वन विभाग के अमले ओर पुलिस थाना बागली के थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला अपने दल बल के साथ स्वयं पहुचे थे। इस संयुक्त कार्रवाई में विभाग ने सख्ती दिखाते हुए स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाया। यह कार्रवाई जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की गई, जिसमें वनमंडल देवास के 8 परिक्षेत्रों के करीब 100 अधिकारी-कर्मचारी और श्रमिक शामिल हुए। लगभग 15 हेक्टेयर वन भूमि पर कंटूर ट्रेंच निर्माण कराया गया, जिससे न केवल अतिक्रमण रोका जा सकेगा, बल्कि भू-जल स्तर सुधारने में भी मदद मिलेगी।

## मकान सूचीकरण का दिया प्रशिक्षण...

**टोंक खुर्द।** जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत बुधवार को मॉडल स्कूल टोंक खुर्द पर 247 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। तहसीलदार और चार्ज अधिकारी जनगणना गौरव निरंकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के तहत पहले चरण के तहत होने वाले मकान सूचीकरण और गणना कार्य को लेकर फील्ड ट्रेनर्स ने कर्मचारियों को बारीकियां सिखाई। इस बार की जनगणना में तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स ने एचएलओ एप के उपयोग और इसकी विभिन्न तकनीकी अवधारणाओं को विस्तार से समझाया।

प्रगणकों को बताया गया कि किस प्रकार सीएमएमएस पोर्टल पर डेटा एंट्री की जानी है, ताकि जानकारी सटीक और समय पर अपडेट हो सके।जनगणना में समय सीमा ने जानकारी अपलोड करनी होंगी। प्रत्येक प्रगणक को उनकी निर्धारित जनगणना ब्लॉक की सीमाओं के भीतर ही जनगणना करनी होगी। ब्लॉक की सीमाओं के बाहर नहीं जाना है। प्रत्येक जनगणना परिवार की गणना अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की दोहरी प्रविष्टि या चूक नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक जोन में दो-दो अनुभवी फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जिन्होंने व्यावहारिक उदाह्मणों, परिभाषाओं और जटिल प्रक्रियाओं की जानकारी प्रकणकों और पर्यवेक्षकों को दी।

## अमावस्या पर हजारों नर्मदा भक्तों ने किया पवित्र स्नान

**देवास/नेमावर ।** वैशाख माह की बड़ी सातवा अमावस्या पर्व पर हजारों नर्मदा भक्तो ने नेमावर नाभि तीर्थ स्थल पहुंच कर आस्था की डुबकी लगाई। वैशाख पर्व की इस अमावस्या में सैकड़ों नर्मदा भक्त पांव पैदल चल कर अमावस्या की पूर्व संध्या गुरुवार को नर्मदा तट स्थित घाटों पर पहुंचना आरंभ हो गए थे।

गुरुवारको पहुंचे भक्तों ने मां नर्मदा की संध्या कालीन आरती कर दीपदान किया तथा मां की पवित्र गोद में रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन कर सुबह की भोर बेला में अमावस्या पर्व का पुनीत



स्नान कर बाबा सिद्धनाथ की भस्म आरती शामिल हो भस्म दर्शन किए तथा भस्म दर्शन के पश्चात पुष्प श्रृंगार के दर्शन कर जलाभिषेक किया और दर्शन पश्चात सभागृह में विराजे ब्राह्मणों को दान दक्षिणा भेंट कर शुभाशीष लिया वही गेहूं चने के आटे से बने सत्तू का वितरण किया । घाट पर माली समाज धर्मशाला के पास क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा ने सानिध्य में चल रहे भंडारे में भक्तों ने भोजन प्रसादिग्रहण की। पुलिस प्रशासन, नगर परिषद ने प्रशासनिक व्यवस्थाएं मुस्तैदी के साथ संभाली चाक चौबंद व्यवस्था के चलते मेला क्षेत्र में व्यवस्थाएं बनी रही ।

## स्वच्छता कार्यों की फोटो सहित प्रतिदिन दें रिपोर्ट

**देवास।** निगमायुक्त दलीप कुमार ने स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को सभी वार्डों में साफ सफाई पर विशेष फोकस देने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त के निर्देशन में वार्डों में नाली सफाई, खुले प्लाटों पर कचरे का निपटान, मुख्य मार्गों पर विशेष सफाई, डिवाइडरों की सफाई के साथ पाथवे की सफाई भी की जा रही है। वहीं वायु गुणवत्ता को लेकर सड़कों पर पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है। गार्डनों की विशेष रूप से सफाई तथा गाजर घास कटिंग का कार्य भी निरंतर जारी है। आयुक्त निर्देशन में उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेड़ेकर एवं दीपक पटेल द्वारा वार्डों में प्रतिदिन निरीक्षण कर चल रहे स्वच्छता कार्य एवं सफाई की मॉनीटरिंग की जा रही है। स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे अधीनस्थ वार्डों में प्रतिदिन की जा रही साफ सफाई, नाला, बैकलेन, डस्टबिन की सफाई, गाजर घास कटिंग, रात्रि कालीन सफाई, कचरा संग्रहण वाहनों में मिक्स सेग्रिगेशन, रेड स्पॉट पर चालानी कार्रवाई के साथ प्रतिदिन की कार्य प्रगति रिपोर्ट जियोटेग फोटो के साथ अपने उपायुक्तों को दें।

### एक नजर में

तहसील स्तर पर स्वदेशी मेला स्थानीय रेस्ट हाउस परिसर में लगाया

## खातेगांव में पहली बार लगा स्वदेशी जागरण मंच का मेला

**खातेगांव।** मेले तो प्रतिवर्ष मीना बाजार के तौर पर यहां लगते हैं कभी किसी एजेंसी के माध्यम से, लेकिन पहली बार तहसील स्तर पर स्वदेशी मेला स्थानीय रेस्ट हाउस परिसर में लगाया गया।

प्रतीक स्वरूप श्रीराम लला की मूर्ति स्थापित कर एक सांस्कृतिक माहौल में जनता के मनोरंजन और स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री को लेकर 60 से अधिक दुकानें मनोरंजन के झूले खाने-पीने के स्टॉल, के साथ ही आकर्षण का केंद्र रहा सांस्कृतिक मंच जहां प्रतिदिन, क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान जो कि पहली बार किसी मेले में देखा गया। यहां पहुंचे ग्राहकों को सामग्री भी वाजिव कम दाम पर मिली, मंच पर प्रतिदिन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से क्षेत्र के कलाकार मेधावी छात्र छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता महिला सशक्तिकरण बेटियों का सम्मान सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे समितियां का सम्मान पूर्व सैनिक संगठन सम्मान सोशल मीडिया, सम्मान एक्टिव आदिवासी गायिका लोक संस्कृति की झलक गणगौर, मलखम बच्चों के अखाड़े, महान गायिका आशा भोसले को गीत



संगीत के माध्यम से स्वरांजलि ग्रुप के द्वारा अंतिम दिवस श्रद्धांजलि, लकी ड्रा के माध्यम से 50 का एक कूपन मेले में पहुंचे कई लोगों के द्वारा खरीदा गया उसका लकी ड्रा अंतिम दिवस खोला गया जिसमें प्रथम पुरस्कार इलेक्ट्रिक स्कूटी द्वितीय 32 इंची एलईडी और तृतीय कुलर था जिसे उपस्थित जन समुदाय के बीच छोटी बच्चों ने पर्ची निकाल कर नाम की घोषणा की और तीनों विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस सफल आयोजन को लेकर विधायक आशीष शर्मा ने कहा स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साथ ही क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान जैसे आयोजन एक अनूठा प्रोग्राम था। पूरी युवा टीम ने पूरे को बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक पूर्ण किया सराहनीय है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी ने कहा यह मेला दिलों का था जो सबके दिल में स्वदेशी की भावना जगाकर गया है इस प्रकार के आयोजन नगर हित में होना चाहिए जहां प्रतिभाओं का सम्मान ऐसे सांस्कृतिक आयोजन जो हमें संस्कृति से जोड़े रखता हे। स्वदेशी मेले टीम मे मेला सयोजक उमेश गुर्जर पालक सत्यनारायण केरापा पीयूष राबड़िया चंदन राजपूत कुंदन यादव संजोग दुबे अमृता चौहान श्वेता माहेश्वरी द्वारा मेले का संचालन किया गया सौरभ सोलंकी ने मंच का संचालन किया समापन पर उमेश गुर्जर द्वारा आभार व्यक्त किया।

## तनुष्का श्रीवास्तव को 10वीं में 97 .6 प्रतिशत

**देवास।** तनुष्का श्रीवास्तव ने 10 वीं बोर्ड एग्जाम में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। तनुष्का श्रीवास्तव से बातचीत करते हुए उनकी सफलता के बारे में हमने जाना की निरंतर मेहनत एवं स्कूल द्वारा पढ़ाया गया कोर्स भी बच्चों को सफलता दिला सकता है क्योंकि तनुष्का ने बताया वह बगैर कोचिंग के घर पर ही 8 से 9 घंटे अध्ययन करती थी और उन्होंने दसवीं में सरस्वती विद्या मंदिर विजयनगर में सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम गोरांवित किया।